# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—हिंदी

## कक्षा — दूसरी



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

## प्रकाशन वर्ष 2022–23

**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'

संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,

डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक

श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

डॉ.जयभारती चन्द्राकर

**लेखन**

नविता शुक्ला

**टंकण**

लीना साहू

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़

शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **’प्रश्न बैंक’** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **’प्रश्न बैंक’** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **’प्रश्न बैंक’** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **’प्रश्न बैंक’** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह ’प्रश्न बैंक’ विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **’प्रश्न बैंक’** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि ’प्रश्न बैंक’ का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

## पाठ - 1

## तितली और कली

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - हरी डाल पर क्या लगी थी? LH207

(अ) कली (ब)तितली (स) फूल (द) फल

उत्तर-(अ) कली

प्रश्न 2 - तितली किसे जगाने गई थी? LH207

(अ) फूल को (ब) कली को (स) पत्ती को (द) फल को

उत्तर-(ब) कली को

प्रश्न 3 - तितली ने कली से क्या कहा? LH207

(अ) बड़ी भली (ब) बड़ी सुंदर (स) बड़ी बुरी (द) बड़ी नेक

उत्तर-(अ) बड़ी भली

प्रश्न 4 - तितली किसे छूने चली? LH207

(अ) फूल को (ब) डाली को (स) कली को (द)पत्ती को

उत्तर-(स) कली को

प्रश्न 5 - कली को छूने कौन गया? LH207

(अ) भौंरा (ब) चिड़िया (स) तितली (द) बच्चे

उत्तर-(स) तितली

प्रश्न 6 - तितली कली के पास कब गई होगी? LH210

(अ) सुबह (ब) दोपहर (स) शाम (द) रात

उत्तर-(अ) सुबह

प्रश्न 7 - अच्छी लगने वाली महक को क्या कहेंगे? LH210

(अ) खुशबू (ब) बदबू

(स) दोनों ही (द) दोनों में कोई नहीं

उत्तर-(अ) खुशबू

प्रश्न8 - कविता में रंगीली किसे कहा गया है? LH210

(अ) तितली को (ब) फूल को (स) कली को (द) डाली को

उत्तर-(स) कली को

प्रश्न 9 - इस फूल का क्या नाम है? LH210



(अ) गुलाब (ब) गेंदा (स) सूरजमुखी (द) मोंगरा

उत्तर-(अ) गुलाब

प्रश्न 10 - सूरजमुखी के फूल का रंग कैसा होता है? LH210

(अ) लाल (ब) पीला (स) गुलाबी (द) नीला

उत्तर-(ब) पीला

प्रश्न 11 - 'कली' से मिलता-जुलता शब्द है - LH205

(अ) भली (ब) बड़ी (स) सही (द) नवी

उत्तर-(अ) भली

प्रश्न 12 - कविता में 'नन्हीं' किसे कहा गया है? LH210

(अ) कली को (ब) तितली को (स) बच्चे को (द) फूल को

उत्तर-(अ) कली को

प्रश्न 13 - इस कविता में किसके बारे में बातें हो रही हैं? LH210

(अ) कली और भौंरा (ब) कली और तितली

(स) तितली और भौंरा (द) फूल और भौंरा

उत्तर-(ब) कली और तितली

प्रश्न 14 - कविता में कौन-कौन साथ खेलते हैं? LH207

(अ) बच्चेऔर तितली (ब) नन्हीं कली और तितली

(स) तितली और फल (द) तितली और भौंरा

उत्तर-(ब) नन्हीं कली और तितली

प्रश्न 15 - यह किसका चित्र है? LH210



(अ) कली (ब) तितली (स) भौंरा (द) फूल

उत्तर-(ब) तितली

## पाठ - 2

## गुड़िया रानी की शादी

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - चंपा की सहेली कौन थी? LH203

(अ) मंजू (ब) गुड़िया

(स) माँ (द) मंजू की माँ

उत्तर-(अ) चंपा और मंजू

प्रश्न 2 - चंपा के पास .......थी । खाली जगह पर कौन-सा शब्द आएगा? LH210

(अ) गुड़िया (ब) गुड्डा (स) लड्डू (द)जलेबी

उत्तर-(अ) गुड़िया

प्रश्न 3 - ढोलक कौन बजा रहा था? LH207

(अ) रामू काका (ब) पंडित (स) माँ (द) भैया

उत्तर-(अ) रामू काका

प्रश्न 4 - सूरज की माँ ने क्या बनाया? LH207

(अ) मिठाई (ब) माला (स) कुर्ता (द) लंहगा

उत्तर-(ब) माला

प्रश्न 5 - गुड्डा - गुड़िया की शादी किसने कराई? LH201

(अ) चंपा ने (ब) पंडित ने (स) रामू काका ने (द) मंजू ने

उत्तर-(ब) पंडित ने

प्रश्न 6 - माँ ने किसके लिए लंहगा व दुपट्टा बनाया? LH207

(अ) चंपा के लिए (ब) मंजू के लिए

(स) सूरज के लिए (द) गुड़िया के लिए

उत्तर-(द) गुड़िया के लिए

प्रश्न 7 - किसकी माँ ने गुड्डे के लिए कुर्ता बनाया? LH207

(अ) मंजू की माँ (ब) चंपा की माँ

(स) सूरज की माँ (द) रामू की माँ

उत्तर-(अ) मंजू की माँ

प्रश्न 8 - मिठाई की दुकान पर कौन गया था? LH207

(अ) बहन (ब) भैया (स) माँ (द) काका

उत्तर-(ब) भैया

प्रश्न 9 - सूरज की माँ ने कितनी मालाएँ बनाई थीं? LH207

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर-(ब) दो

प्रश्न 10 - गुड्डा किसके पास था? LH201

(अ) चंपा (ब) मंजू

(स) माँ (द) रामू काका

उत्तर-(ब) मंजू

प्रश्न 11 - गुड्डा और गुड़िया की शादी के लिए उन्होंने किसकी सहायता ली? LH210

(अ) भैया की (ब) माँ की

(स) रामू काका की (द) मित्रों की

उत्तर-(ब) माँ की

प्रश्न 12 - गुड़िया के कपड़े किसने बनवाए? LH207

(अ) चंपा की माँ (ब) मंजू की माँ (स) मित्रों ने (द) काका ने

उत्तर-(अ) चंपा की माँ

प्रश्न 13 - गुड्डे के लिए कपड़े किसने बनवाए? LH207

(अ) भैया ने (ब) मित्र ने

(स) मंजू की माँ ने (द) चंपा ने

उत्तर-(स) मंजू की माँ ने

प्रश्न 14 - किन्हें निमंत्रण कार्ड भेजा गया? LH207

(अ) पड़ोसियों को (ब) रिश्तेदारों को

(स) मित्रों को (द) सूरज को

उत्तर-(स) मित्रों को

प्रश्न 15 - शादी के लिए मिठाई की दुकान से क्या-क्या खरीदा गया? LH203

(अ) लड्डू और जलेबी (ब) रसगुल्ला (स) बर्फी (द) पेड़ा

उत्तर-(अ) लड्डू और जलेबी

प्रश्न 16 - चंपा और मंजू कहाँ एक साथ पढ़ती थीं? LH201

(अ) घर (ब) विद्यालय (स) गार्डन (द) आँगन

उत्तर-(ब) विद्यालय

प्रश्न 17 - यह चित्र किसका है? LH210



(अ) हलवा (ब) जलेबी (स) बर्फी (द) लड्डू

उत्तर-(द) लड्डू

प्रश्न 18 - इसमें 'टोपी' का चित्र कौन-सा है? LH210

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

उत्तर-(अ) 

## पाठ - 3

## कौन बोला म्याऊँ

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - झाड़ी से कौन बाहर निकला? LH201

(अ) पिल्ला (ब) चूहा (स) मेंढक (द) मक्खी

उत्तर-(ब) चूहा

प्रश्न 2 - मधुमक्खी कहाँ बैठी थी? LH203

(अ) फूल पर (ब) झाड़ी पर(स) खाट पर (द) तालाब पर

उत्तर-(अ) फूल पर

प्रश्न 3 - पिल्ले को कौन-सी आवाज़ सुनाई दी? LH203

(अ) म्याऊँ (ब) चीं-चीं (स) भिन्न-भिन्न (द) टर्र-टर्र

उत्तर-(अ) म्याऊँ

प्रश्न 4 - तालाब के किनारे कौन बैठा था? LH207

(अ) बिल्ली (ब) चूहा (स) मेंढक (द) पिल्ला

उत्तर-(स) मेंढक

प्रश्न 5 - खाट के नीचे कौन सो रहा था? LH207

(अ) मेंढक (ब) बिल्ली (स) चूहा (द) पिल्ला

उत्तर-(द) पिल्ला

प्रश्न 6 - 'भिन्-भिन्' की आवाज़ कौन करता है? LH210

(अ) मधुमक्खी (ब) चूहा (स) मेंढक (द) टिड्डा

उत्तर-(अ) मधुमक्खी

प्रश्न 7 - म्याऊँ कौन बोला? LH203

(अ) बिल्ली (ब) कुत्ता (स) चूजा (द) मेमना

उत्तर-(अ) बिल्ली

प्रश्न 8 - चूहे .......... बोलता है । खाली स्थान में कौन-सा शब्द आएगा । LH210

(अ) चीं-चीं (ब) घर्र-घर्र (स) झुन-झुन (द) टर्र- टर्र

उत्तर-(अ) चीं-चीं

प्रश्न 9 - पिल्ला किसे कहते हैं? LH207

(अ) बिल्ली के बच्चे को (ब) गाय के बच्चे को

(स) कुत्ते के बच्चे को (द) मुर्गी के बच्चे को

उत्तर-(स) कुत्ते के बच्चे को

प्रश्न 10 - झाड़ी से मिलता-जुलता शब्द है - LH205

(अ) साड़ी (ब) माली (स) काली (द) नारी

उत्तर-(अ) साड़ी

प्रश्न 11 - किस शब्द में तीन ध्वनियाँ हैं? LH212

(अ) झाड़ी (ब) आवाज़ (स) चूहा (द) भिन-भिन

उत्तर-(ब) आवाज़

प्रश्न 12 - पिल्ला खाट के नीचे क्या कर रहा था? LH201

(अ) सो रहा था। (ब) खेल रहा था।

(स) कुछ ढूंढ़ रहा था। (द) खा रहा था।

उत्तर-(अ) सो रहा था

प्रश्न 13 - किस शब्द में संयुक्त वर्ण है? LH211

(अ) आवाज़ (ब) दरवाजा (स) बिल्ली (द) फुदक

उत्तर-(स) बिल्ली

प्रश्न 14 - 'फुटबॉल' शब्द के अंत में कौन-सा वर्ण है? LH212

(अ) फु (ब) ट (स) बा (द) ल

उत्तर-(द) ल

प्रश्न 15 - पिल्ला झट से उठकर क्यों बैठ गया? LH207

(अ) भिन्-भिन् की आवाज़ सुनकर (ब) चीं-चीं की आवाज़ सुनकर

(स) टर्र-टर्र की आवाज़ सुनकर (द) म्याऊँ की आवाज़ सुनकर

उत्तर-(द) म्याऊँ की आवाज़ सुनकर

## पाठ - 4

## भालू ने खेली फुटबॉल

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - 'सर्दियों का मौसम था' इस वाक्य में कितने शब्द हैं? LH202

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर-(द) चार

प्रश्न 2 - जामुन के पेड़ के नीचे कौन सो रहा था? LH207

(अ) शेर का बच्चा (ब) हिरन का बच्चा

(स) भालू का बच्चा (द) लोमड़ी का बच्चा

उत्तर-(अ) शेर का बच्चा

प्रश्न 3 - भालू सुबह-सुबह कहाँ जा रहा था? LH201

(अ) नहाने (ब) खेलने

(स) व्यायाम करने (द) सैर करने

उत्तर-(द) सैर करने

प्रश्न 4 - 'कोहरा' का अर्थ है - LH210

(अ) धुंध (ब) हवा (स) तूफान (द) बारिश

उत्तर-(अ) धुंध

प्रश्न 5 - पेड़ की डाल किसने पकड़ी थी? LH207 (अ)

भालू ने (ब) शेर के बच्चे ने

(स) माली ने (द)लोमड़ी ने

उत्तर-(ब) शेर के बच्चे ने

प्रश्न 6 - यह किसका चित्र है? LH210



(अ) हिरन (ब) भालू (स) शेर (द) हाथी

उत्तर-(ब) भालू

प्रश्न 7 - हड़बड़ी शब्द में कितने 'ब' वर्ण हैं? LH211

(अ) चार (ब) तीन (स) दो (द) एक

उत्तर-(द) एक

प्रश्न 8 - पिट्ठूल खेल किस चीज से खेला जाता है? LH210

(अ) रस्सी (ब) बॉल (स) डंडा (द) बैट

उत्तर-(ब) बॉल

प्रश्न 9 - इसमें से किन खेलों की जोड़ी में बॉल की जरूरत होती है? LH201

(अ) कैरम बोर्ड और लूडो (ब) शतरंज और फुटबॉल

(स) बैडमिंटन और टेनिस (द) पिट्ठूल और क्रिकेट

उत्तर-(द) पिट्ठूल और क्रिकेट

प्रश्न 10 - इनमें से कौन-सा चित्र 'शेर' का है? LH210

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर-(स)



प्रश्न 11 - हम सर्दियों में विशेष रूप से कौन-से कपड़े पहनते हैं? LH201

(अ) सूती कपड़ापहनते हैं। (ब) रेशमी कपड़ापहनते हैं।

(स) ऊनी कपड़ा पहनते हैं। (द) जूट के कपड़ा पहनते हैं।

उत्तर-(स) ऊनी कपड़े पहनते हैं।

प्रश्न 12 - 'नौ दो ग्यारह होना'का अर्थ है? LH210

(अ) शर्मिंदा होना (ब) भाग जाना

(स) छुप जाना (द) क्षमा माँगना

उत्तर-(ब) भाग जाना

प्रश्न 13 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH214

(क) भालू ने क्यों फुटबॉल खेलना चाहा ?

उत्तर- ठंड दूर करने के लिए।

(ख) शेर का बच्चा बार-बार उछालने के लिए क्यों कह रहा था? LH204

उत्तर- क्योंकि उसे उछलने में मजा आ रहा था।

(ग) ऐसे खेलों के नाम बताओ जिनमें बॉल का उपयोग करते हैं? LH216

उत्तर- क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबाल, टेनिस

(घ) भालू को फुटबॉल कहाँ दिखाई पड़ी? LH215

उत्तर- जामुन के पेड़ के नीचे।

(ङ) माली शेर के बच्चे को क्यों डाँटने लगा? LH215

उत्तर- क्योंकि शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल तोड़ दी थी।

# पाठ - 5

## चालाक चीकू

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - इस चित्र में बिल्लियाँ क्या कर रही हैं? LH208



(अ) चूहे के साथ खेल रही हैं। (ब) चूहे को पकड़ रही हैं।

(स) आपस में झगड़ रही हैं। (द) चूहे को मार रही हैं।

उत्तर-(ब) चूहे को पकड़ रही हैं।

प्रश्न 2 - कविता में कितनी बिल्लियाँ थी? LH207

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर-(द) चार

प्रश्न 3- कविता में चूहे ने बिल्लियों को किस पेड़ की ओर जाने को कहा? LH201

(अ) नीम (ब) आम (स) जामुन (द) बरगद

उत्तर-(अ) नीम

प्रश्न 4 - चूहा कहाँ रहता है? LH210

(अ) बिल में (ब) पेड़ में (स) तालाब में (द) गुफा में

उत्तर-(अ) बिल में

प्रश्न 5 - इनमें से कौन-सा शब्द 'आरी' के जैसा है? LH205

(अ) जाली (ब) नाली (स) काली (द) नारी

उत्तर-(द) नारी

प्रश्न 6 - कविता में चूहे का क्या नाम है? LH203

(अ) पीकू (ब) चीकू (स) कीकू (द) मीकू

उत्तर-(ब) चीकू

प्रश्न 7 - किस शब्द में 'ड़' वर्ण आया है? LH212

(अ) पढ़ना (ब) झगड़ना (स) बढ़ना (द) निडर

उत्तर-(ब) झगड़ना

प्रश्न 8 - 'ऊ'की मात्रा वाला शब्द इनमें से कौन-सा है? LH212

(अ) सुंदर (ब) छूकर (स) सुनकर (द) सुमन

उत्तर-(ब) छूकर

प्रश्न 9 - 'हिस्सा' शब्द का अर्थ है - LH210

(अ) अलग (ब) अंदर (स) भाग (द) समझ

उत्तर-(स) भाग

प्रश्न 10 - 'चूहे' का चित्र कौन-सा है? LH210

(अ)



(ब)





(स)(द)



उत्तर-(अ)



प्रश्न 11 - **एक शब्द में उत्तर दो -** LH209

(क) चूहा और बिल्ली में कौन अधिक चालाक था?

उत्तर-चूहा।

(ख) बिल्लियाँ क्यों झगड़ रही थीं? LH203

उत्तर-चूहे को खाने के लिए।

(ग) चूहे ने नीम के पेड़ को छूकर आने के लिए क्यों कहा? LH203

उत्तर-ताकि वह जान बचाकर भाग सके।

(घ) बिल्लियों ने दौड़ क्यों लगाई? LH203

उत्तर-नीम पेड़ को छूने के लिए।

(ङ) इस चित्र में कौन-कौन हैं और वे क्या कर रहे हैं? LH209




उत्तर- इस चित्र में खरगोश और कछुआ है और वे आपस में बातें कर रहे हैं ।

प्रश्न 6 - यह चित्र किसका है? LH210



(अ) बिल्ली (ब) चूहा (स) खरगोश (द) गिलहरी

उत्तर-(स) खरगोश

## पाठ - 6

## चींटी और हाथी

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - 'सताना'का अर्थ है - LH210

(अ) तंग करना (ब) मारना

(स) हँसाना (द) हाँ कहना

उत्तर-(अ) तंग करना

प्रश्न 2 - चींटी जंगल क्यों जाती थी? LH203

(अ) भोजन की तलाश में (ब) सैर करने

(स) मौज-मस्ती करने (द) हाथी से मिलने

उत्तर-(अ) भोजन की तलाश में

प्रश्न 3 - चींटी .... में घुस गई। इस खाली स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा? LH203

(अ) पूँछ (ब) सूँड (स) कान (द) आँख

उत्तर-(ब) सूँड

प्रश्न 4 - चींटी ने किससे शिकायत करने की बात कही? LH203

(अ) शेर से (ब) चीता से (स) भालू से (द) बंदर से

उत्तर-(अ) शेर से

प्रश्न 5 - सभी चींटियाँ, रानी चींटी के साथ कहाँ जाती थीं? LH203

(अ) नदी (ब) तालाब (स) जंगल (द) शहर

उत्तर-(स) जंगल

प्रश्न 6 - संयुक्त वर्ण वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) जुबान (ब) जुगत (स) अक्ल (द) फूँकना

उत्तर-(स) अक्ल

प्रश्न 7 - समान तुक वाले शब्द की सही जोड़ी कौन-सी है? LH205

(अ) हाथी दादा (ब) मौज-मस्ती (स) इधर-उधर (द) चींटी रानी

उत्तर-(स) इधर-उधर

प्रश्न 8 - चिड़िया के दो ........... होते हैं? इस खाली स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा? LH210

(अ) चोंच (ब) दाँत (स) पंख (द) नाक

उत्तर-(स) पंख

प्रश्न 9 - चंद्रबिन्दु वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) चींटी (ब) पंख (स) चोंच (द) पूँछ

उत्तर-(द) पूँछ

प्रश्न 10 - यह चित्र किसका है? LH210



(अ) जंगल (ब) चींटी (स) हाथी (द) पेड़

उत्तर-(ब) चींटी

प्रश्न 11 - किस शब्द के अंत में 'र'वर्ण आया है? LH211

(अ) भोजन (ब) पीपल (स) कबूतर (द) मित्र

उत्तर-(स) कबूतर

प्रश्न 12 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो। LH214

(क) इन शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखो।

(अ) मोटा ............... (ब) काला ...............

उत्तर-(अ) पतला (ब) गोरा

(ख) रानी चींटी कहाँ छुपी हुई थी? LH214

उत्तर-घास में।

(ग) हाथी से सभी क्यों तंग थे? LH214

उत्तर-क्योंकि वह सभी को परेशान करता था।

(घ) हाथी के कान कैसे होते हैं? LH216

उत्तर - सूपा जैसे होते हैं।

(ङ) हाथी कैसा था? LH215

उत्तर - घमंडी था।

## पाठ - 7

## एकता का बल

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - कबूतर कहाँ रहते थे? LH203

(अ) नीम के पेड़ में (ब) पीपल के पेड़ में

(स) बरगद के पेड़ में (द) आम के पेड़ में

उत्तर-(द) आम के पेड़ में

प्रश्न 2 - यह चित्र किसका है ? LH210



(अ) कौआ (ब) कबूतर (स) तोता (द) मोर

उत्तर-(ब) कबूतर

प्रश्न 3 - छोटे कबूतर ने क्या देखा? LH203

(अ) जाल (ब) दाना (स) चूहा (द) घर

उत्तर-(ब) दाना

प्रश्न 4 - जंगल में इतना ............ कहाँ से आया? खाली जगह पर सा शब्द आएगा? LH210

(अ) दाना (ब) खाना (स) पानी (द) सभी

उत्तर-(अ) दाना

प्रश्न 5 - कबूतरों की मदद किसने की? LH203

(अ) बड़े कबूतर ने (ब) चूहे ने (स) बहेलिया ने (द)सभी ने

उत्तर-(ब) चूहे ने

प्रश्न 6 - पढ़ो और समझो इनमें से सबसे अलग जोड़ी कौन-सी है? LH210

(अ) शेर-शेरनी (ब) बकरा-बकरी

(स) लड़का-लड़की (द) घोड़ा-घोड़ी

उत्तर-(स) लड़का-लड़की

प्रश्न 7 - 'क्ष' वर्ण से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) कक्षा (ब) सक्षम (स) रक्षा (द) क्षमता

उत्तर-(द) क्षमता

प्रश्न 8 - 'त्रिभुवन' शब्द का पहला वर्ण कौन-सा है? LH212

(अ) क्ष (ब) श्र (स) त्र (द) ज्ञ

उत्तर-(स) त्र

प्रश्न 9 - बूढ़े कबूतर का मित्र कौन था ? LH210

(अ) शिकारी (ब) चूहा (स) खरगोश (द) मधुमक्खी

उत्तर-(ब) चूहा

प्रश्न 10 - कबूतरों ने बूढ़े कबूतर से ........... माँगी। LH210

(अ) मदद (ब) क्षमा (स) दाना (द) जाल

उत्तर-(ब) क्षमा

प्रश्न 11 - बहेलिए ने दाना क्यों बिखराया था? LH203

(अ) कबूतरों को खिलाने के लिए। (ब) फसल उगाने के लिए।

(स) कबूतरों को फँसाने के लिए। (द) चूहों को फँसाने के लिए।

उत्तर-(स) कबूतरों को फँसाने के लिए।

प्रश्न 12 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH215

(क) कबूतर किसमें फँस गए थे?

उत्तर - जाल में ।

(ख) दाना कहाँ बिखरा पड़ा था? LH215

उत्तर - धरती पर।

(ग)बहेलिया किसे कहते हैं? LH215

उत्तर - जाल बिछाकर पक्षियों को पकड़ने वाले को।

(घ) सारे कबूतर जाल लेकर क्यों उड़ सके? LH215

उत्तर - क्योंकि सबने मिलकर जाल उठाया था।

(ङ) बूढ़े कबूतर को सभी कबूतरों ने क्यों धन्यवाद दिया? LH214

उत्तर - क्योंकि उसने उनकी मदद की थी।

## पाठ - 8

## कौन?

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - 'नभ' का क्या अर्थ है? LH210

(अ) आकाश (ब) चाँद (स) सूरज (द) धरती

उत्तर-(अ) आकाश

प्रश्न 2 - इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं? LH203

(अ) चार (ब) पाँच (स) छः (द) सात

उत्तर-(द) सात

प्रश्न 3 - जग की प्यास बुझाता कौन? यह वाक्य कविता में किसके लिए कहा गया है? LH203

(अ) चाँद (ब) नदियाँ (स) सूरज (द) इन्द्रधनुष

उत्तर-(ब) नदियाँ

प्रश्न 4 - किस शब्द में चन्द्र बिन्दु लगा हुआ है? LH212

(अ) चाँद (ब) इन्द्रधनुष (स) पर्वत (द)सुन्दर

उत्तर-(अ) चाँद

प्रश्न 5 - कविता में 'मीठे' शब्द किसके लिए कहे गए हैं? LH207

(अ) नदियों (ब) पर्वत (स) झरने (द) फूल

उत्तर-(स) झरने

प्रश्न 6 - अगर न होते ............. भला फिर हरियाली फैलाता कौन? स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा? LH210

(अ) चाँद (ब) सूरज (स) पेड़ (द) फूल

उत्तर-(स) पेड़

प्रश्न 7 - 'निर्मल' शब्द का क्या अर्थ है? LH210

(अ) आकाश (ब) संसार (स) पहाड़ (द) स्वच्छ

उत्तर-(द) स्वच्छ

प्रश्न 8 - किस शब्द का अंतिम वर्ण 'ज' है? LH212

(अ) जगत (ब) सूरज (स) जंगल (द) अजीब

उत्तर-(ब) सूरज

प्रश्न 9 - इनमें से 'सूरज' का चित्र कौन-सा है? LH210

(अ)



(ब)



'

(स)(द)





उत्तर-(ब)



प्रश्न 10 - यह किसका चित्र है? LH210



(अ) फूल (ब) पहाड़ (स) इन्द्रधनुष (द) चंद्रमा

उत्तर-(स) इन्द्रधनुष

प्रश्न 11 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH214

(क)दिन को सोने-सा कौन चमकता है?

उत्तर - सूरज।

(ख) अगर पेड़ न होते तो क्या होता? LH215

उत्तर - हरियाली नहीं होती।

(ग) इन्द्रधनुष कहाँ दिखाई देता है? LH215

उत्तर - नभ में (आकाश में)

(घ) रात में हमें दिशा कौन दिखाता है? LH216

उत्तर - चाँद।

(ङ) नदियाँ क्या काम करती हैं? LH216

उत्तर - जग की प्यास बुझाती हैं।

(च) इस चित्र में क्या-क्या दिखाई दे रहा हैं? LH208



उत्तर - बच्चे स्वयं करेंगे ।

# पाठ -9

## मिट्टी

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - इस चित्र में कुम्हार क्या कर रहा है? LH208



(अ) मिट्टी के खिलौने बना रहा है। (ब) पौधे लगा रहा है।

(स) मिट्टी में पानी डाल रहा है। (द) मिट्टी खोद रहा है।

उत्तर - (अ) मिट्टी के खिलौने बना रहा है।

प्रश्न 2 - 'मिट्टी'शब्द का मिलता-जुलता शब्द है - LH205

(अ) कट्टी (ब) पट्टी (स) गड्डी (द) गिट्टी

उत्तर-(द) गिट्टी

प्रश्न 3 - किस शब्द में चन्द्र बिन्दु लगा हुआ है? LH212

(अ) गाँव (ब) सुंदर (स) सुगंध (द) रंग

उत्तर-(अ) गाँव

प्रश्न 4 - पौधे किसमें ऊगते हैं? LH207

(अ) कंकड़ (ब) मिट्टी (स) रेत (द) मुरम

उत्तर-(ब) मिट्टी

प्रश्न 5 - 'कुछ भी मोल न लेती मिट्टी'इस वाक्य में 'मोल' का क्या अर्थ है? LH210

(अ) खरीदना (ब) कीमत (स) बेचना (द) लाभ

उत्तर-(ब) कीमत

प्रश्न 6 - इस चित्र में आदमी क्या कर रहा है? LH208



(अ) पौधे लगा रहा है। (ब) गमला बना रहा है।

(स) गमले में पानी डाल रहा है। (द) गमले में मिट्टी डाल रहा है।

उत्तर-(द) गमले में मिट्टी डाल रहा है।

प्रश्न 7 - 'मोल'का क्या अर्थ है? LH210

(अ) सुंदर (ब) मूल्य (स) महक (द) रंगीन

उत्तर-(ब) मूल्य

प्रश्न 8 - कविता के अनुसार सबका बोझ कौन उठाती है? LH207

(अ) रेत (ब) मिट्टी (स) आकाश (द) पर्वत

उत्तर-(ब) मिट्टी

प्रश्न 9 - गाँव, गली, खेतों में मिट्टी, बाहर मिट्टी, घर में मिट्टी। LH204

टप-टप बूँद पड़ी तो, ........................................................................

इस कविता की अगली पंक्ति क्या होगी?

(अ) मिट्टी से घर बने हैं कितने।

(ब) मिट्टी पर वे खड़े हैं कितने।

(स) गमले, मटके सजे सलोने।

(द) महकी सोंधी-सोंधी मिट्टी।

उत्तर-(द) महकी सोंधी-सोंधी मिट्टी।

प्रश्न 10 - रेत में कौन छिपा था? LH207

(अ) मकड़ी (ब) केंचुआ (स) घोंघा (द) मेंढक

उत्तर-(स) घोंघा

प्रश्न 11 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH216

(क) किस मिट्टी से खिलौने अच्छे बनते हैं?

उत्तर - नदी की मिट्टी से।

(ख) मिट्टी से क्या-क्या चीजें बनती हैं? LH216

उत्तर - मिट्टी से बर्तन, खिलौने, गमला, मटका और घर बनाते हैं।

(ग) मोनू और जय मुरम से खिलौने क्यों नहीं बना पाए? LH214

उत्तर - क्योंकि मुरम बहुत दरदरा होता है।

(घ) मिट्टी की सोंधी-सोंधी महक क्यों आती है? LH216

उत्तर - सूखी मिट्टी पर पानी की बूँद पड़ने से।

(ङ) मुरम में कौन छिपी थी? LH214

उत्तर - मकड़ी।

(च) मिट्टी कहाँ-कहाँ पाई जाती है? LH216

उत्तर - गाँव, गली, खेत इत्यादि।

## पाठ - 10

## बहुत हुआ

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - इस कविता में बच्चे 'बहुत हुआ' किसे कहरहे हैं? LH207

(अ) बादल (ब) बारिश (स) मौसम (द) धूप

उत्तर-(अ) बादल

प्रश्न 2 - इस कविता में किस मौसम के बारे में बताया गया है? LH203

(अ) बरसात (ब) गर्मी (स) ठंडी (द) बसंत

उत्तर-(अ) बरसात

प्रश्न 3 - जाएँ कहाँ ! कहाँ पर खेलें ? घर में फँसे बोरियत झेलें। LH203

बात कविता में कौन कह रहा है?

(अ) बादल (ब) बारिश (स) बच्चे (द) सुआ

उत्तर-(स) बच्चे

प्रश्न 4 - चित्र में बादल क्या कर रहा है? LH208

< 

(अ) बादल लोगों से बातें कर रहा है। (ब) बादल हँस रहा है।

(स) बादल गुस्सा कर रहा है। (द) बादल रो रहा है।

उत्तर-(स) बादल गुस्सा कर रहा है।

प्रश्न 5 - 'बोरियत' शब्द में कितनी ध्वनियाँ सुनाई देती हैं? LH211

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर-(द) चार

प्रश्न 6 - 'सुआ' शब्द का अर्थ क्या है? LH212

(अ) बादल (ब) बच्चा (स) कोयल (द) तोता

उत्तर-(द) तोता

प्रश्न 7 - 'चुआ' से मिलता-जुलता शब्द कौन-सा है? LH205

(अ) महुआ (ब) सुकवा (स) दुआ (द) कछुआ

उत्तर-(स) दुआ

प्रश्न 8 - किस शब्द के अंत में 'ड़'वर्ण है? LH212

(अ) मड़ई (ब) पढ़ाई (स) कीचड़ (द) सड़क

उत्तर-(स) कीचड़

प्रश्न 9 - 'बहुत हुआ' कविता में पिंजरे में कौन मौन बैठा है? LH203

(अ) कोयल (ब) सुआ (स) सूरज (द) बच्चे

उत्तर-(ब) सुआ

प्रश्न10 - बादल भइया बहुत हुआ! कीचड़-कीचड़ पानी-पानी, ............ LH210

कविता की अगली पंक्ति क्या होगी?

(अ) सूरज दादा धूप खिलाएँ। (ब) ताल, नदी सड़कों पर जाएँ।

(स) याद सभी को आई नानी। (द) सारा घर दिन-रात चुआ।

उत्तर-(स) याद सभी को आई नानी।

प्रश्न 11 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH215

(क)बारिश का पानी कहाँ जाता है?

उत्तर - नदी, तालाब, समुद्र।

(ख) इस चित्र में मेंढक क्या कर रहा है? लिखो । LH214



उत्तर - वह बारिश से बचने के लिए बैठा है।

(ग) पानी में कौन-सी चीज आसानी से तैर सकती है? LH216

उत्तर - नाव

(घ) बारिश में कौन-कौन से खेल खेलते हैं? LH216

उत्तर - कागज की नाव बनाकर उसे तैराना।

(ङ) बच्चे क्यों बोरियत महसूस कर रहे हैं? LH215

उत्तर - क्योंकि वे बाहर नहीं खेल पा रहे हैं।

(च) 'बहुत हुआ' कविता में दादा किसे कहा गया है? LH215

उत्तर - सूरज को ।

## पाठ - 11

## मड़ई मेला

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - रहचुली किसे कहते हैं? LH203

(अ) झूला (ब) जहाज (स) खिलौना (द) बाजा

उत्तर-(अ) झूला

प्रश्न 2 - राउतों के मुखिया के हाथ में क्या था? LH203

(अ) गुड़िया (ब) बाजा (स) मड़ई (द) फुग्गा

उत्तर-(स) मड़ई

प्रश्न 3 - मेले में लोग किसकी पूजा कर रहे थे? LH207

(अ) भगवान की (ब) मड़ई की (स) मुखिया की (द) पेड़ की

उत्तर-(ब) मड़ई की

प्रश्न 4 - मेले में 'गन्ना'किसने खरीदा? LH207

(अ) समारू (ब) सुकवारो (स) बुधिया (द) संगीता

उत्तर-(अ) समारू

प्रश्न 5 - चैतू ने मेले में क्या खरीदा? LH207

(अ) गुड़िया (ब) मोर (स) कार (द) गेंद

उत्तर-(ब) मोर

प्रश्न 6 - मेला, लाला ............. अंताक्षरी खेल के अनुसार खाली स्थ LH210
अगला शब्द कौन-सा होगा?

(अ) केला (ब) मूली (स) पीला (द) लाल

उत्तर-(द) लाल

प्रश्न 7 - 'सूरजमुखी'शब्द में कितनी आवाजें हैं? LH211

(अ) चार (ब) पाँच (स) छः (द) सात

उत्तर-(ब) पाँच

प्रश्न 8 - इनमें से संयुक्त अक्षर वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) जहाज (ब) गन्ना (स) गुड़िया (द) गुलगुला

उत्तर-(ब) गन्ना

प्रश्न 9 - किस शब्द के अंत में 'ई' वर्ण नहीं है? LH212

(अ) जलाई (ब) जगाई (स) इमली (द) ईख

उत्तर-(द) ईख

प्रश्न 10 - 'सुन्दर'शब्द को और किस तरह लिखा जाता है? LH215

(अ) सुनदर (ब) सुनंदर (स) सुंदर (द) सुदंर

उत्तर-(स) सुंदर

प्रश्न 11 - सहीशब्द चुनो - LH205

(क) 'मेला'से मिलते-जुलते दो शब्द बनाओ।

उत्तर - केला, ठेला

(ख) झूले में बैठने पर कौन डर रहा था? LH215

उत्तर - समारू।

(ग) बच्चों ने मेले में क्या-क्या खाया? LH215

उत्तर - भजिया, मुर्रा-लड्डू, करी-लाड़ू, गुलगुला।

(घ) जलेबी किसने खाई? LH215

उत्तर - सुकवारो।

(ङ) मड़ई-मेले में कौन-कौन गए थे? LH215

उत्तर - बुधिया, सुकवारो, संगीता, चैतू, मंगल और समारू।

## पाठ - 12

## ऊँट चला

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - यह चित्र किसका है? LH210



(अ) हाथी (ब) घोड़ा (स) ऊँट (द) बंदर

उत्तर-(स) ऊँट

प्रश्न 2 - ऊँट के संबंध में कौन-सा वाक्य गलत है? LH201

(अ) ऊँट की लंबी टाँगे होती हैं। (ब) ऊँट की गर्दन ऊँची होतीहै।

(स) ऊँट सामान ढोता है। (द) ऊँट पहाड़ों पर चलता है।

उत्तर-(द) ऊँट पहाड़ों पर चलता है।

प्रश्न 3 - ऊँट की ऊँची और लंबी ............. होतीहै। खाली स्थान में कौन-सा शब्द आएगा? LH203

(अ) मुँह (ब) गर्दन (स) आँख (द) पूँछ

उत्तर-(ब) गर्दन

प्रश्न 4 - ऊँट किस काम आता है? LH201

(अ) मनोरंजन करने के (ब) खेलने के

(स) बोझ उठाने के (द) रखवाली करने के

उत्तर-(स) बोझ उठाने के

प्रश्न 5 - इनमें से कौन-सा शब्द 'क' से शुरू होता है? LH211

(अ) करवट (ब) नटखट (स) पनघट (द) झटपट

उत्तर-(अ) करवट

प्रश्न 6 - इनमें से छोटा जानवर कौन-सा है? LH201

(अ) घोड़ा (ब) जिराफ (स) हाथी (द) खरगोश

उत्तर-(द) खरगोश

प्रश्न 7 - इनमें से हम किस जानवर को घर में पालते हैं? LH201

(अ) हाथी (ब) जिराफ (स) बकरी (द) भालू

उत्तर-(स) बकरी

प्रश्न 8 - किस जानवर की पूँछ लंबी होती है? LH201

(अ) खरगोश (ब) बिल्ली (स) बंदर (द) बकरी

उत्तर-(स) बंदर

प्रश्न 9 - ऊँची गर्दन, ऊँची पीठ LH217

पीठ उठाए, ऊँट चला।

बालू है तो होने दो

......................................

अगली पंक्ति क्या होगी?

(अ) बोझ ऊँट को ढोने दो। (ब) नहीं फसेगा बालू में।

(स) बालू में भी ऊँट चला। (द) जब थककर बैठेगा ऊँट।

उत्तर-(अ) बोझ ऊँट को ढोने दो।

प्रश्न 10 - इनमें से 'गाय'का चित्र कौन-सा है? LH210

(अ)



(ब)



(स) 

(द) 

उत्तर-(स)



प्रश्न 11 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH216

(क) सामान ढोने वाले जानवरों का नाम बताओ।

उत्तर - ऊँट, गधा

(ख) ऊँट की पीठ की बनावट कैसी होती है? LH216

उत्तर - ऊँची

(ग) ऊँट किस तरह की जमीन पर आसानी से चलता है? LH215

उत्तर - रेत (बालू)

(घ) 'ऊँट' से मिलता-जुलता दो शब्द बनाओ। LH205

उत्तर - खूँट, बूँट

(ङ) कुछ पालतू जानवरों के नाम बताओ। LH216

उत्तर - गाय, बकरी, बिल्ली, कुत्ता,गधा इत्यादि।

# पाठ - 13

## आई एक खबर

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - कविता में खबर कहाँ से आती है? LH203

(अ) दिल्ली (ब) मुंबई (स) भिलाई (द) समंदर

उत्तर-(अ) दिल्ली

प्रश्न 2 - हाथी को किसने मारा? LH203

(अ) मक्खी ने (ब) मच्छर ने (स) टिड्डे ने (द) बंदर ने

उत्तर-(स) टिड्डे ने

प्रश्न 3 - इस चित्र में मटके में हाथी क्या कर रहा है? LH208



(अ) हाथी खेल रहा है । (ब) हाथी दौड़ रहा है ।

(स) हाथी रो रहा है । (द) हाथी बंदरों से बातें कर रहा है।

उत्तर-(स) हाथी रो रहा है ।

प्रश्न 4 - किस शब्द का पहला अक्षर 'म' है? LH212

(अ) मटका (ब) गमला (स) समुद्र (द)समाचार

उत्तर-(अ) मटका

प्रश्न 5 - हाथी किसे देखकर रोया? LH207

(अ) मक्खी (ब) मच्छर (स) बंदर (द) टिड्डा

उत्तर-(स) बंदर

प्रश्न 6 -    यह चित्र किसका है?    LH210




(अ) हाथी    (ब) बंदर    (स) मच्छर    (द) मक्खी

उत्तर-(स) मच्छर

प्रश्न 7 -    इनमें से 'टिड्डे'का चित्र कौन-सा है?    LH208

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर-(स)



प्रश्न 8 -    इनमें से संयुक्त अक्षर वाला शब्द कौन-सा है?    LH212

(अ) मटका    (ब) हाथी    (स) मच्छर    (द) हिरण

उत्तर-(स) मच्छर

प्रश्न 9 - समंदर का क्या अर्थ है? LH210

(अ) नदी (ब) झरना (स) सागर (द) तालाब

उत्तर-(स) सागर

प्रश्न 10 - ढाई का क्या अर्थ है? LH210

(अ) एक और आधा मिलाकर बनी संख्या

(ब) दो और आधा मिलाकर बनी संख्या

(स) तीन और आधा मिलाकर बनी संख्या

(द) चार और आधा मिलाकर बनी संख्या

उत्तर-(ब) दो और आधा मिलाकर बनी संख्या

प्रश्न 11 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH215

(क) कविता में खबर किसने लाई और कहाँ से आई थी?

उत्तर - मक्खी ने लाई और दिल्ली से आई थी।

(ख) टिड्डे के मारने पर हाथी कहाँ छुपा? LH215

उत्तर - एक मटके के अंदर।

(ग) हाथी क्यों रोने लगा? LH214

उत्तर - मटके में ढाई बंदर थे जिन्हें देखकर हाथी रोने लगा।

(घ) मटका समंदर कैसे बन गया? LH215

उत्तर - हाथी के लगातार रोने से।

(ङ) हाथी की सहायता किसने की? LH215

उत्तर - मच्छर ने।

## पाठ - 14

## चूहे को मिली पेंसिल

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - यह चित्र किसका है? LH207



(अ) बिल्ली (ब) चूहा (स) कुत्ता (द) खरगोश

उत्तर-(अ) बिल्ली

प्रश्न 2 - इनमें से पेंसिल का चित्र कौन-सा है? LH208

(अ)



(ब)



(स)



(द)



उत्तर - (अ)



प्रश्न 3 - चूहा किसे पनीर का टुकड़ा समझ रहा था? LH203

(अ) पैंसिल (ब) गोला (स) चमचम (द) सेब

उत्तर - (ब) गोला

प्रश्न 4 - "मुझे छोड़ दो, मुझे जाने दो" यह कौन कह रहा था? LH2

(अ) चूहा (ब) पैंसिल (स) बिल्ली (द) चुहिया

उत्तर-(ब) पैंसिल

प्रश्न 5 - 'चमचम' में 'च' अक्षर कितनी बार आया? LH211

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर-(ब) दो

प्रश्न 6 - 'पनीर' शब्द के अंतिम में कौन-सा वर्ण है? LH212

(अ) क (ब) न (स) त (द) र

उत्तर-(द) र

प्रश्न 7 - पैंसिल ने किसका चित्र बनाया? LH207

(अ) चूहे का (ब) पनीर का

(स) सेब का (द) बिल्ली का

उत्तर-(द) बिल्ली का

प्रश्न 8 - चूहे ने पैंसिल ................ शुरू कर दिया। खाली जगह कौन-सा शब्द आएगा। LH203

(अ) कुतरना (ब) भोगना (स) चिल्लाना (द) आखिरी

उत्तर-(अ) कुतरना

प्रश्न 9 - इनमें से 'चूहा' का चित्र कौन-सा है? LH210

(अ)



(ब)



(स)  (द) 

उत्तर-(ब)



प्रश्न 10 - 'पढ़ो और समझो' इनमें से सबसे अलग जोड़ी कौन-सी है? LH210

(अ) बिल्ला-बिल्ली (ब) चूहा-चुहिया

(स) घोड़ा-घोड़े (द) बकरा-बकरी

उत्तर-(स) घोड़ा-घोड़े

प्रश्न 11 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो । LH214

(क) चूहा पेंसिल को क्यों कुतरना चाहता था?

उत्तर - अपने दाँत को पैने और छोटे करने के लिए।

(ख) पेंसिल किसका चित्र बनाना चाहती थी? LH214

उत्तर - बिल्ली का।

(ग) 'चूहे के मुँह में पानी आने लगा' इस वाक्य का क्या अर्थ है? LH210

उत्तर - उसे लालच आ गया।

(घ) क म ल क क ड़ी - इस शब्द से कुछ शब्द बनाओ। LH210

उत्तर - कमल, कम, लकड़ी, ककड़ी, मकड़ी, मल।

(ङ) इस कहानी में कौन चालाक है? LH210

उत्तर - पेंसिल।

## पाठ - 15

## धूप

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - कविता के अनुसार 'धूप' किसके साथ खेलती है? LH207

(अ) पर्वत (ब) घर (स) आँगन (द) झरना

उत्तर-(द) झरना

प्रश्न 2 - 'आँगन' शब्द में अंतिम आवाज़ कौन-सी है? LH211

(अ) न (ब) ड़ (स) ण (द) ड

उत्तर-(अ) न

प्रश्न 3 - धूप ................ की लहरों पर नाची। खाली स्थान में सा शब्द आएगा । LH210

(अ) झरना (ब) सागर (स) नदी (द) तालाब

उत्तर-(ब) सागर

प्रश्न 4 - 'सुबह' का उल्टा अर्थ वाला शब्द क्या है? LH210

(अ) शाम (ब) दोपहर (स) दिन (द) रात

उत्तर-(अ) शाम

प्रश्न 5 - 'अं' की मात्रा वाला शब्द है - LH212

(अ) आँगन (ब) हँसती (स) सँग (द) पंख

उत्तर-(द) पंख

प्रश्न 6 - यह किसका चित्र है? LH210



(अ) चिड़िया (ब) सूरज (स) फूल (द) पेड़

उत्तर-(अ) चिड़िया

प्रश्न 7 - यह कौन-सा पक्षी है? LH210



(अ) तोता (ब) कोयल (स) गौरैया (द) मैना

उत्तर-(अ) तोता

प्रश्न 8 - बीती रात हुआ ...... खाली स्थान में कौन-सा शब्द आएगा? LH210

(अ) अंधेरा (ब) उजियारी (स) धूप (द) शाम

उत्तर-(ब) उजियारी

प्रश्न 9 - कविता के अनुसार पर्वत की चोटी पर क्या उछली? LH203

(अ) सुबह (ब) धरती (स) धूप (द) उजियारी

उत्तर-(स) धूप

प्रश्न 10 - 'स' से शुरू होने वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) शिमला मिर्च (ब) शकरकंद (स) लहसुन (द) सरसो

उत्तर-(द) सरसो

प्रश्न 11 - दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो। LH201

(क) कौन सबकी सहेली बन पाई?

उत्तर - धूप।

(ख) इस चित्र में कौन-कौन सी चीजें हैं? LH208



उत्तर-सूरज, झरना, चिड़िया, फूल, पेड़

(ग) धूप कहाँ तक दिखाई देने लगी? LH201

उत्तर - धरती के कोने-कोने तक।

(घ) 'उस' में का, की, के, को मिलाकर नए शब्द बनाओ? LH212

उत्तर - उस - उसका, उसकी, उसके, उसको

(ङ) रात बीतने पर क्या हुआ? LH203

उत्तर - उजियारा।

## पाठ - 16

## छोटे-छोटे कदम

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - ई (ी) की मात्रा लगा हुआ शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) जीना (ब) दिन (स) कवि (द) छवि

उत्तर-(अ) जीना

प्रश्न 2 - किस शब्द में 'ह' वर्ण आया है? LH212

(अ) अच्छा (ब) हमारे (स) सुंदर (द) पढ़ना

उत्तर-(ब) हमारे

प्रश्न 3 - संयुक्त अक्षर वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) कदम (ब) आँगन (स) गड्ढा (द) खूब

उत्तर-(स) गड्ढा

प्रश्न 4 - 'क' वर्ण से बना शब्द है? LH212

(अ) हाथ (ब) कदम (स) चलना (द) रुकना

उत्तर-(ब) कदम

प्रश्न 5 - चंद्र बिन्दु लगा हुआ कौन-सा शब्द नहीं है? LH212

(अ) आँगन (ब) गलियाँ (स) कलियाँ (द) मंदिर

उत्तर-(द) मंदिर

प्रश्न 6 - इस चित्र में लड़के के हाथ में क्या है? LH209



(अ) गमला (ब) पौधा (स) बस्ता (द) मिट्टी

उत्तर-(ब) पौधा

प्रश्न 7 - चित्र में लड़की क्या कर रही है? LH209



(अ) खेल रही है (ब) पौधा लगा रही है

(स) मिट्टी डाल रही है (द) गड्ढा खोद रही है

उत्तर-(द) गड्ढा खोद रही है

प्रश्न 8 - यह किसका चित्र है? LH208



(अ) पेड़ (ब) विद्यालय (स) गमला (द) घर

उत्तर-(स) गमला

प्रश्न 9 - 'अं' की मात्रा वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) सुंदर (ब) आँगन (स) पूँछ (द) कलियाँ

उत्तर-(अ) सुंदर

प्रश्न 10 - कविता में किसे साफ रखने की बात कही गई है? LH203

(अ) घर-आँगन (ब) घर-स्कूल

(स) घर-बगीचे (द) हाथ-पैर

उत्तर-(अ) घर-आँगन

प्रश्न 11- 'पढ़ो और समझो' इनमें से सबसे अलग जोड़ी कौन-सी है? LH210

(अ) गली-गलियाँ (ब) कली-कलियाँ

(स) सखी-सखा (द) घड़ी-घड़ियाँ

उत्तर-(स) सखी-सखा

प्रश्न 12 - किस शब्द में 'द' वर्ण का उपयोग हुआ है? LH211

(अ) हम (ब) गलियाँ (स) कदम (द) गमला

उत्तर-(स) कदम

प्रश्न 13 - 'मनोरम' शब्द में 'म' वर्ण की आवाजें कितनी बार आई हैं? LH211

(अ) एक (ब) दो (स) तीन (द) चार

उत्तर-(ब) दो

प्रश्न 14 - किस शब्द का अंतिम वर्ण 'त' है? LH211

(अ) तबला (ब) संगीत (स) तरबूज (द) पुतरा

उत्तर-(ब) संगीत

प्रश्न 15 - कविता में बात कही गई है - LH203

(अ) हमेशा आगे बढ़ने के बारे में

(ब) पढ़ाई न करने के बारे में

(स) मेहनत न करने बारे में

(द) घर, सड़क, स्कूल सभी जगह गंदगी रखने के बारे में

उत्तर-(अ) हमेशा आगे बढ़ने के बारे में

## पाठ - 17

## चित्रकोट जलप्रपात

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - चित्रकोट जलप्रपात कहाँ है? LH207

(अ) रायपुर (ब) जगदलपुर

(स) सरगुजा (द) बिलासपुर

उत्तर-(ब) जगदलपुर

प्रश्न 2 - सूर्य अब ....होने ही वाला है। खाली स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा? LH210

(अ) अस्त (ब) आनंद (स) सुंदर (द) मनोरम

उत्तर-(अ) अस्त

प्रश्न 3 - 'हाँ' का उल्टा अर्थ वाला शब्द कौन-सा है? LH210

(अ) होता (ब) नहीं (स) है (द) होना

उत्तर-(ब) नहीं

प्रश्न 4 - चित्रकोट जलप्रपात जगदलपुर से कितनी दूर है? LH203

(अ) 50 किमी. (ब) 40 किमी. (स) 30 किमी. (द) 100 किमी.

उत्तर-(ब) 40 किमी.

प्रश्न 5 - चित्रकोट जलप्रपात में कौन-सी नदी गिरती है? LH203

(अ) महानदी (ब) खारून नदी

(स) इन्द्रावती नदी (द) पैरी नदी

उत्तर-(स) इन्द्रावती नदी

प्रश्न 6 - ऋचा और रजनीश छुट्टियों में कहाँ घूमने आए हैं ? LH203

(अ) रायपुर (ब) बस्तर

(स) सरगुजा (द) बिलासपुर

उत्तर-(ब) बस्तर

प्रश्न 7 - पानी की बूँदे कैसी दिखाई दे रही थीं? LH203

(अ) दूध की तरह (ब) धुँआ की तरह

(स) चमकीली की तरह (द) नन्हीं की तरह

उत्तर-(अ) दूध की तरह

प्रश्न 8 - 'दिन' शब्द का उल्टा अर्थ क्या होगा? LH203

(अ) शाम (ब) सुबह

(स) रात (द) दोपहर

उत्तर-(स) रात

प्रश्न 9 - यह चित्र किसका है? LH208



(अ) चित्रकोट जल प्रपात (ब) कुआँ (स) नदी (द) तालाब

उत्तर-(अ) चित्रकोट जल प्रपात

प्रश्न 10 - वहीं बैठे-बैठे वे प्रपात का ...... ले रहे थे। खाली स्थान पर कौन-सा शब्द आएगा। LH210

(अ) मनोरम (ब) दृश्य (स) आनंद (द) जल

उत्तर-(स) आनंद

प्रश्न 11 - 'ऋ' की मात्रा वाला शब्द कौन-सा है? LH212

(अ) चित्रकोट (ब) संगीत (स) दृश्य (द) पर्वत

उत्तर-(स) दृश्य

प्रश्न 12 - किस शब्द को उल्टा लिखने पर समान अर्थ होता है? LH211

(अ) खाना (ब) आना (स) दादा (द) नानी

उत्तर-(स) दादा

प्रश्न 13 - समान तुक वाले शब्दों की सही जोड़ी कौन-सी है ? LH205

(अ) पाला-पाली (ब) ताला-ताली

(स) राजा-बाजा (द) कली-खिली

उत्तर-(स) राजा-बाजा

प्रश्न 14 - 'चित्रकोट' शब्द में 'क' वर्ण में कौन-सी मात्रा है? LH212

(अ) ई (ब) उ (स) ओ (द) औ

उत्तर-(स) ओ

## पाठ - 18

## क्या है उसका नाम?

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - रंग-बिरंगे पंख किसके हैं? LH201

(अ) मुर्गा (ब) कौआ (स) तितली (द) बगुला

उत्तर-(स) तितली

प्रश्न 2 - तीन अक्षर का शब्द कौन-सा है? LH211

(अ) चमकती (ब) पानी (स) जंगल (द) गरजता

उत्तर-(स) जंगल

प्रश्न 3 - 'निराला' का अर्थ क्या है? LH210

(अ) अनोखा (ब) अच्छा (स) सुंदर (द) चमकीला

उत्तर-(अ) अनोखा

प्रश्न 4 - पेड़ों पर उछल-कूद कौन करता है? LH201

(अ) तोता (ब) बंदर (स) शेर (द) तितली

उत्तर-(ब) बंदर

प्रश्न 5 - किसके सिर पर लाल कलगी होती है? LH201

(अ) बगुला (ब) मछली (स) मुर्गा (द) कबूतर

उत्तर-(स) मुर्गा

प्रश्न 6 - 'रंग-बिरंगे पंखों वाली, फूलों पर मंडराती' यह वाक्य इनमें से LH203 लिए है?

(अ) चिड़िया (ब) भौंरा (स) तितली (द) बगुला

उत्तर-(स) तितली

प्रश्न 7 - यह चित्र किसका है? LH210



(अ) कौए का (ब) मुर्गे का (स) हंस का (द) बगुले का

उत्तर-(द) बगुले का

प्रश्न 8 - कोयल की आवाज़ कैसी होती है? LH201

(अ) कुहू-कुहू (ब) काँव-काँव (स) कुकड़ू-कूँ (द) टें-टें

उत्तर-(अ) कुहू-कुहू

प्रश्न 9 - चाँदी जैसी खूब चमकती, घर है उसका पानी। LH203

तीन अक्षर का नाम निराला, है जल की रानी।

ऊपर दी गई पहेली का उत्तर क्या है?

(अ) बगुला (ब) बंदर (स) मछली (द) तितली

उत्तर-(स) मछली

प्रश्न 10 - जंगल का राजा कौन कहलाता है? LH201

(अ) हाथी (ब) शेर (स) भालू (द) बंदर

उत्तर-(ब) शेर

प्रश्न 11 - 'मानुष'का क्या अर्थ है? LH210

(अ) चिड़िया (ब) शरीर (स) मनुष्य (द) अनोखा

उत्तर-(स) मनुष्य

प्रश्न 12 - 'काले रंग का पक्षी होता, करता काँव-काँव' यह वाक्य पाठ में किसके लिए कहा गया है? LH220

(अ) कोयल (ब) मुर्गा (स) चिड़िया (द) कौआ

उत्तर-(द) कौआ

प्रश्न 13 -यह किसका चित्र है? LH210



(अ) कौआ (ब) कोयल (स) बगुला (द) सारस

उत्तर-(अ) कौआ

प्रश्न 14 - किस शब्द के अंत में 'ष' वर्ण आया है? LH212

(अ) मनुष्य (ब) षटकोण (स) मानुष (द) कृष्ण

उत्तर-(स) मानुष

प्रश्न 15 - यह किसका चित्र है? LH210



(अ) भालू (ब) चीता (स) बाघ (द) हाथी

उत्तर-(ब) बाघ

## पाठ - 19

## साहसी बनो

सही विकल्प चुनिए -

प्रश्न 1 - 'हिम्मत' शब्द का क्या अर्थ है? LH210

(अ) साहस (ब) खुशी (स) मुकाबला (द) डर

उत्तर-(अ) साहस

प्रश्न 2 - नरेन्द्र किससे डर कर भाग रहा था? LH203

(अ) बंदर से (ब) सज्जन से

(स) बालक से (द) बनारस के लोगों से

उत्तर-(अ) बंदर से

प्रश्न 3 - 'बनारस' में अंतिम वर्ण कौन-सा है? LH211

(अ) न (ब) र (स) स (द) ब

उत्तर-(स) स

प्रश्न 4 - 'डरकर भागो मत' इस वाक्य में कितने शब्द हैं? LH211

(अ) तीन (ब) चार (स) पाँच (द) छः

उत्तर-(अ) तीन

प्रश्न 5 - किस शब्द में संयुक्त वर्ण है? LH212

(अ) मुकाबला (ब) सज्जन (स) बनारस (द) बाजार

उत्तर-(ब) सज्जन

प्रश्न 6 - प ........... ना शब्द को पूरा करने के लिए कौन-सा वर्ण आएगा? LH212

(अ) ढ (ब) ड (स) ढ़ (द) ण

उत्तर-(स) ढ़

प्रश्न 7 - इस चित्र में बालक किसको दौड़ा रहा है? LH208



(अ) भालू (ब) बंदर (स) कुत्ता (द) बिल्ली

उत्तर-(ब) बंदर

प्रश्न 8 - 'क्या करूँ बंदर पीछे पड़ा है।' यह वाक्य किसने कहा? LH203

(अ) नरेन्द्र ने (ब) सज्जन ने

(स) बनारस के लोगों ने (द) सभी ने कहा

उत्तर-(अ) नरेन्द्र ने

प्रश्न 9 - गंगा नदी के किनारे कौन-सा शहर है? LH203

(अ) रायपुर (ब) बनारस (स) गुजरात (द) दिल्ली

उत्तर-(ब) बनारस

प्रश्न 10 - यह चित्र किस महापुरूष का है? LH209



(अ) महात्मा गाँधी (ब) स्वामी विवेकानंद

(स) पं. जवाहर लाल नेहरू (द) डॉ. राधा कृष्णन

उत्तर-(ब) स्वामी विवेकानंद

प्रश्न11 - गंगा, गाना, नारियल .................. अंताक्षरी खेल के अनुसार खाली स्थान में अगला शब्द कौन-सा होगा? LH210

(अ) नगर (ब) रथ (स) लड्डू (द) जलेबी

उत्तर-(स) लड्डू

प्रश्न 12 - 'विवेकानंद' इस शब्द में कितनी ध्वनियाँ है? LH211

(अ) चार (ब) पाँच (स) छः (द) सात

उत्तर-(ब) पाँच

प्रश्न 13 - यह चित्र किसका है? LH208



(अ) पत्ती (ब) फूल (स) जड़ (द) पेड़

उत्तर-(द) पेड़

प्रश्न 14- 'मुकाबला' शब्द में 'ल'वर्ण में कौन-सी मात्रा है? LH212

(अ) इ की मात्रा (ब) ई की मात्रा

(स) उ की मात्रा (द) आ की मात्रा

उत्तर-(द) आ की मात्रा

प्रश्न 15 - पाठ के अनुसार कौन-सा वाक्य सही है? LH203

(अ) बाजार में नरेन्द्र बंदर के पीछे लग गया।

(ब) बंदर सज्जन व्यक्ति के पीछे लग गया था।

(स) झोला सज्जन व्यक्ति के हाथों में था।

(द) नरेन्द्र एक साहसी बालक है।

उत्तर-(द) नरेन्द्र एक साहसी बालक है।

प्रश्न16 - 'ल ........ की'दिए गए शब्द के खाली जगह में कौन-सा अक्षर आएगा? LH210

(अ) ड (ब) ढ (स) ढ़ (द) ड़

उत्तर - (द) ड़

प्रश्न 17 - बनारस का दूसरा नाम क्या था ? LH201

(अ) बनारसी (ब) वाराणसी (स) गंगातट (द) गंगाघाट

उत्तर - (ब) वाराणसी

प्रश्न 18 - पाठ के अनुसार कौन-सा वाक्य सही है ? LH203

(अ) बाज़ार में नरेन्द्र के बंदर पीछे लग गया ।

(ब) कुत्ता नरेन्द्र का झोला लेकर भाग गया ।

(स) नरेन्द्र कुत्ते से डर गया।

(द) बंदर नरेन्द्र के पीछे लग गया ।

उत्तर - (द) बंदर नरेन्द्र के पीछे लग गया ।

प्रश्न 19 - नरेन्द्र कहाँ गया था ? LH203

(अ) गंगाघाट (ब) बनारस (स) बाज़ार (द) जंगल

उत्तर - (स) बाज़ार

प्रश्न 20 - साहसी किसे कहेंगे ? जो - LH201

(अ) चालाकहो ।

(ब) सबसे डरता हो ।

(स) साहसपूर्ण कार्य करता हो ।

(द) पीछे-पीछे चलने वाला हो ।

उत्तर - (स) साहसपूर्ण कार्य करता हो ।

# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता







